दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 101 मुरादाबाद, 30 July 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दाम में

PM मोदी ने भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया, पीएमश्री योजना की पहली किस्त जारी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि NEP ने पारंपरिक ज्ञान प्रणाली से लेकर भविष्य की तकनीक तक को संतुलित तरीके से महत्व दिया है। रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए देश के शिक्षा जगत के सभी महानुभावों ने बहुत मेहनत की है। हमारे छात्र नई व्यवस्थाओं से भली-भांति परिचित हैं, वे जानते हैं कि 10+2 शिक्षा प्रणाली की जगह अब 5+3+3+4 लाई जा रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के 3 साल पूरे होने के अवसर पर प्रगति मैदान के भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन का उद्घाटन किया। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने शिक्षा और कौशल की 12 भारतीय भाषाओं में किताबों का विमोचन किया और पीएमश्री योजना के तहत धनराशि की पहली किस्त भी जारी की।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, पीएमश्री योजना के तहत चयनित सरकारी स्कूलों को धनराशि की पहली किस्त जारी की गई। ये स्कूल छात्रों को इस तरह से शिक्षा प्रदान करेंगे कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की परिकल्पना के अनुरूप एक समतापूर्ण, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण में योगदान देने वाले नागरिक बन सकें।

शिक्षा देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है- मोदी

इस दौरान पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही है जो देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है। देश जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है उसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। आप इसके प्रतिनिधि हैं। अखिल भारतीय शिक्षा समागम का हिस्सा बनना मेरे लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

हमारे छात्र नई व्यवस्थाओं से भली-भांति परिचित- पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि NEP ने पारंपरिक ज्ञान प्रणाली से लेकर भविष्य की तकनीक तक को संतुलित तरीके से महत्व दिया है। रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए देश के शिक्षा जगत के सभी महानुभावों ने बहुत मेहनत की है। हमारे छात्र नई व्यवस्थाओं से भली-भांति परिचित हैं, वे जानते हैं कि 10+2 शिक्षा प्रणाली की जगह अब 5+3+3+4 लाई जा रही है।

यह प्राचीनता और आधुनिकता का संगम- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी के रुद्राक्ष से लेकर आधुनिक भारत के इस मंडप तक अखिल भारतीय शिक्षा समागम की यात्रा अपने आप में एक संदेश समेटे हुए है। यह प्राचीनता और आधुनिकता का संगम है। हमारी शिक्षा प्रणाली भारत की परंपराओं को संरक्षित कर रही है, वहीं देश आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भी आगे बढ़ रहा है।

दुनिया भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही- प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही है। कई देश अपने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर खोलने के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। दो आईआईटी परिसरों- तंजानिया में एक परिसर और अबू धाबी में एक परिसर-का संचालन शुरू होने वाला है। कई वैश्विक विश्वविद्यालय भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वे भारत में अपने परिसर खोलने में रुचि दिखा रहे हैं।

छात्रों को भाषा के आधार पर आंकना अन्याय- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के बजाय उनकी भाषा के आधार पर आंकना उनके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। दुनिया में अलग-अलग भाषाएं हैं और सभी का अपना-अपना महत्व है। अधिकांश विकसित देशों ने अपनी मूल भाषा के आधार पर प्रगति की है। इतनी सारी मूल भाषाएं होने के बावजूद हमने उन्हें पिछड़े के रूप में पेश किया।

एनईपी 2020 के बारे में जानिए

प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर, युवाओं को तैयार करने और उन्हें अमृत काल में देश का नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम करने के उद्देश्य से एनईपी 2020 का शुभारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए युवाओं को तैयार करना है तथा उन्हें बुनियादी मानवीय मूल्यों से जोड़े रखना है। अपने कार्यान्वयन के तीन वर्षों के दौरान इस नीति ने स्कूल, उच्च शिक्षा और कौशल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं।

अगले दो दिन क्या-क्या होगा?

29 और 30 जुलाई को आयोजित होने वाला यह दो दिवसीय कार्यक्रम शिक्षाविदों, क्षेत्र विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, शिक्षकों और स्कूलों, उच्च शिक्षा और कौशल संस्थानों के छात्रों सहित अन्य लोगों को एनईपी 2020 को लागू करने संबंधी अपनी अंतर्दृष्टि, सफलता की गाथाओं तथा सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करने तथा इन्हें और आगे ले जाने के क्रम में रणनीतियां तैयार करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

कुल 16 सत्र होंगे

अखिल भारतीय शिक्षा समागम में सोलह सत्र शामिल होंगे, जिनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शासन तक पहुंच, न्यायसंगत और समावेशी शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूह के मुद्दे, राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण समेत अन्य विषयों पर चर्चा होगी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि दी, उनकी तीन बातों का दिलाया याद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां उन्होंने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम- मेमोरीज नेवर डाई पुस्तक का विमोचन किया।

इस दौरान अमित शाह ने कहा कि इंडिया 2020 विजन फॉर द न्यू मिलेनियम% पुस्तक में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भारत के विकास के रोडमैप को रेखांकित करने का काम किया। उन्होंने प्रमुख रूप से तीन बातें कहीं- भारत को अपनी क्षमता पहचानना होगा, प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करना होगा और कृषि-उद्योग तथा शहर-गांव के बीच संतुलित विकास सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे छात्रों और उनके स्टार्टअप के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में अवसर खुले हैं। मेरा मानना है कि एपीजे अब्दुल कलाम का अंतरिक्ष विज्ञान का सपना पीएम मोदी के नए नवाचारों के कारण पूरा होगा और भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा।

मणिपुर वायरल वीडियो मामले में CBI ने दर्ज की FIR; स्वाति मालीवाल ने नड्डा को चिट्ठी लिखी चिट्ठी

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मणिपुर के भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से भी विधायक से मिलने के लिए कहा है। शनिवार को अपने पत्र में डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने भाजपा प्रमुख से पार्टी के फंड से वाल्टे को वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया है।ष्टक्च्छ ने मणिपुर वायरल वीडियो मामले में स्नद्धक्र दर्ज कर ली है। एफआईआर हिंसाग्रस्त राज्य में दो महिलाओं के साथ दरिंदगी के मामले में दर्ज किया गया है। केंद्र सरकार ने बीते गुरुवार को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात सुप्रीम कोर्ट को बताई थी। साथ ही केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

दायर कर मामले की सुनवाई मणिपुर से बाहर कराने का आग्रह भी किया था।राज्य में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने संबंधी इस घटना का चार मई का वीडियो इस महीने की शुरुआत में वायरल हो गया था। इस घटना की देशभर में कड़ी आलोचना हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया है। सीबीआई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मणिपुर पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के संबंध में अपनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने चुराचांदपुर में राहत केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि लोग पूछ रहे हैं कि राज्य में शांति कब बहाल होगी। मैं लगातार कोशिश कर रही हूं कि शांति बहाल करने के लिए दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे से बात करें। हम उनसे भी बात कर रहे हैं और सभी राजनीतिक दलों से इस प्रक्रिया में मदद करने के लिए भी कहा है। विपक्षी गठबंधन %द्गह्लड्ढ% के सांसदों की राज्य की दो दिवसीय यात्रा पर मणिपुर की राज्यपाल ने कहा कि मैं उनसे राज्य में शांति बहाल करने में योगदान देने की अपील करती हूं। राहत शिविर में महिलाओं के छलके

आंसू, राज्यपाल ने दी सांत्वना

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने चुराचांदपुर में राहत शिविर में रह रहे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिविरों में लोगों से बातचीत की। इस दौरान एक महिला ने राज्यपाल को आपबीती सुनाई। बात करते-करते महिलाएं भावुक हो गईं। फिर राज्यपाल ने उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार उन लोगों को मुआवजा देगी, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है और संपत्ति का नुकसान हुआ है। मैं शांति और मणिपुर के लोगों के भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। इससे पहले दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मणिपुर के भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे से मुलाकात की। विधायक का इलाज चल रहा है। उन्होंने पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से भी विधायक से मिलने के लिए कहा है। शनिवार को अपने पत्र में डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने भाजपा प्रमुख से पार्टी के फंड से वाल्टे को वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया है। हालांकि, मणिपुर सरकार के प्रवक्ता और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सपम राजन ने गुरुवार को उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया था, जिनमें दावा किया गया था कि राज्य सरकार ने हमले में घायल होने के बाद वाल्टे की चिकित्सा देखभाल नहीं की। दरअसल, मणिपुर में 3 मई से जातीय हिंसा भड़की हुई है।

बारिश कम होने पर योगी ने किसानों को दिया आश्वासन, हम हर कदम पर आपके साथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अल्पवृष्टि की समीक्षा की और अफसरों से कहा कि अल्पवृष्टि के प्रभावों का सर्वे कराकर सटीक आंकलन करें। हम हमेशा किसानों के साथ हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अल्पवृष्टि के दृष्टिगत किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ हिस्सों को छोड़कर ज्यादातर जिलों में गत वर्ष की तरह इस बार भी बारिश असामान्य है और इसमे निरंतरता नहीं है। ऐसे में किसानों की जरूरतों का पूरा

ध्यान रखा जाए।किसान हित के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि बरसात कम हो या ज्यादा किसान चिंतित न हों, सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित जरते हुए कहा कि हर हाल में नहरों के टेल तक पानी पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं विद्युत विभाग को अलर्ट मोड में रहने के लिये निर्देशित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी किसानों के खेत में हर हाल में पानी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए नदियों को चैनेलाइज करते हुए उनके पानी को नहरों में पहुंचाने की व्यवस्था करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पानी हर हाल में नहर के टेल तक पहुंचे। नहरों की सुरक्षा के लिए पुलिस पेट्रोलिंग करे, ये सुनिश्चित किया जाए कि बीच में कोई नहरों को काटने न पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों का हित हमारी प्राथमिकता है, ऐसे में अल्पवृष्टि के प्रभावों का सर्वे कराकर सटीक आंकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि जलाशयों में जमी सिल्ट की सफाई कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पवृष्टि में किसानों को अन्य वैकल्पिक फसलों की बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया जाए साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित किया जाए कि नलकूपों और पंप कैनाल्स को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अल्पवृष्टि की पाक्षिक रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि निजी ट्यूबवेल संचालकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस वर्ष दक्षिण पश्चिम मानसून से अबतक कुल 281.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है जो कि सामान्य वर्षा का 84.3 प्रतिशत है। बैठक में कृषि मंत्री की ओर से बताया गया कि 86.07 प्रतिशत धान की बुवाई हुई है।

संपादकीय Editorial

'Death Raj' in Bihar

The epithet of 'Jungle Raj' lasted for a long time in Bihar. This adjective had become his image and identity. Its discussion is heard even today, but now the adjective should be changed to 'Maut Raj'. Bihar Police is so intolerant and remains in such anger and passion that it only lays the dead bodies of those who protest. Sometimes by lathis, sometimes by firing bullets, those citizens are being put to death, who have been given fundamental rights by the constitution of the country. In Article 19 of the Constitution, the right to freedom of expression has been given, so a provision has also been made for the right to peacefully protest, picket and agitate. If fundamental rights and human rights are crushed, then what will be the punishment? 'Good governance babu' Chief Minister Nitish Kumar and his 'deputy' Tejashwi Yadav are silent. The police will investigate the murderous attacks of the police, so imagine what will be the fate of justice? In the context of Bihar, our concern and concern is more because Bihar is one of the poorest and backward states of the country. Its very nature is criminal. Those parties and faces are in power, who did not get the basic mandate. That's why democracy and the Constitution are being shown to be ignored. Such coalition governments have been formed in many states, whose leaders are in the role of 'cousin brothers'. Efforts have been made to make 22 by combining two and two, so there is a need to amend the constitution. However, this is the season of heavy humidity and heat. July is considered the hottest month.

This is the result of climate change. Of course the rains and floods have destroyed a lot. Prime Minister Modi has made an advance announcement of the world's third largest economy with great arrogance. Figures are being counted that the country is producing more than 4 lakh MW of electricity. Government of India has provided electric light to more than 3.5 crore people. It is also a fact that 40 per cent of the households in the country have power cuts for an average of 2-8 hours. The situation is worse in many parts of Bihar. If the citizens had protested regarding the demand or problem of electricity and stormed the office of the Electricity Department and vandalized it, pelted stones, would the police shoot and kill those protestors in response? Were the protesters terrorists, Naxalites, goons and miscreants that the police fired at them? Is the training and restraint of the police limited to firing only? Are the options like warning before firing, water cannon, tear gas, aerial fire kept for display? Instead of shooting below the waist, the police had aimed directly at the forehead, so two innocent youths died. His family members are crying out for justice and are pleading with the Prime Minister to come. Will they get justice? If the police continue to attack like this, how will the citizens of the country survive? Last year itself, unemployed youth had demonstrated for jobs and recruitment, then the police had broken their bones by lathicharge. Just on July 13, the police used lathis in such a way that a BJP worker died. In fact, there is power crisis in most of the states of the country. Even in UP, electricity remains missing for hours. This is the situation after the government's claims of reforms. Gurugram is the 'cyber city'. It is also very expensive. There have also been frequent power cuts. If it rains a little, the roads become 'ponds' and there is a power failure. Are we still living with 'stone age technology'? Distress and lack do not mean that the police keep laying the dead bodies of the 'disgruntled group'. Taking strict steps, the Central Government should seek an answer from the Bihar Government. If dead bodies continue to be strewn like this, then people will not even be able to express their anger against the government.

Economic payment electricity

Arguments of Himachal standing close to its right of Punjab reorganization, at least getting assurance of justice regarding payment of BBMB arrears. The decision of the Supreme Court regarding this payment had come in 2011, but twelve years passed by dragging the formula in the legal stake. Ultimately, the Hon'ble Supreme Court itself has taken over the reins of justice, bypassing the last-ditch effort by the Central Government to push the matter forward. It is expected that now a just formula for payment of arrears will emerge from the regular hearing. Apparently all the requests to get 7.19 per cent stake are in the pipeline. The areas which got merged into Himachal due to reorganization of Punjab, the negligence to consider them as power has happened or has been happening somewhere due to the politics of the time, otherwise the 7.19 percent share would have increased the property of the resource-less mountainous region. Thirteen thousand million units of free electricity is promising to bring about six thousand crores in the next ten years. This decision is a blatant offer to turn the economic wheel and which further adopts the logic of imposing water cess. Even though payment is being made at the rate of 7.19 in BBMB's practice, but in the future, in the reorganization of Punjab, one side joins the fate of Himachal, whose economic, geographical, social and political interpretation becomes necessary. While much water has flowed through significant dam projects, half a century later the interpretation of rights, the definition of law and the context of national policies have changed. This case also defeats the pain of displacement of that time, which is still painful even today despite the passage of time. Even today, the displaced families are wandering remembering the ill-treatment meted out to their sacrifices for the existence of Bhakra Dam and especially Pong Dam. If the Himachalis, who gave life to the fields grown in the sand of Rajasthan, are still in a nomadic condition, then the practice of justice is still pending. Not only this, the injustice of the desert has become a culprit somewhere in his stories, so the human aspect of hearing becomes necessary. It is surprising that when the flood of rain in big dams rises, then the neighboring states do not want the gates to open even if they want to, but do not want to hear the plea of buried sighs on this side. If it is a natural necessity for the mountain to be a forest, then the water-water of the weather is its tragedy. For climate balance, the mountain will have to be worshipped, lamps will have to be lit for the importance of the mountain. Such laws and such policies will have to be implemented, which will give a feeling of living to the mountain. If the center ensures the dignity of mountain farming, horticulture, rural and urban economy, speed of development and innovation to research, then there is a need to understand the mountain. An independent central ministry should be formed. If the model of development is decided under this ministry, then the politics of the plains will not be able to violate the effects of winds, water and forests coming out of the mountains. Every year in the rainy season, the mountain sheds its fertility, fertilizers, seeds and labor used in agriculture and puts it in the field, but what does it get in return. The national priority of mountain economy requires several interventions. However, the decision on BBMB's arrears is giving self-confidence to Himachal, but when Punjab will get 7.19 per cent stake in the script of reorganization, other economic inscriptions will also be completed.

Three years of new education policy, after assessment, priority should also be given to change in curriculum

In this era of technology, the world is changing rapidly, so the process of reforming the education system should also be accelerated. One of the major objectives of the new education policy is to groom the personality of the students and make them capable to face the challenges of the future. Students should be equipped with the skills without which work is not going to work in today's technological era. On completion of three years of implementation of the new education policy, it is necessary to assess the reforms that have been done so far in the education system. Are they proving effective or not? It should also be seen whether the reforms that have been done are yielding the expected results or not? Similarly, there is a need to pay attention to whether the educational institutions across the country are implementing the provisions of the new education policy seriously or not? This review should be done because only this will help in achieving the objectives of the new education policy in time. It should not be overlooked that it took a good amount of time to formulate the new education policy. The government's claim may be true that 80 percent of the recommendations related to the new education policy have been moved forward, but the question is whether these recommendations have been implemented. But is it being implemented properly? There is no denying that some big and renowned educational institutions have shown readiness to implement the provisions of the new education policy, but many educational institutions are still lagging behind in this matter. Some state governments are also not as alert as they should be in the implementation of the new education policy. It is not right that some educational institutions and even universities are still seen following the old pattern. They are engaged in distributing such degrees, whose utility is in question. Since the world is changing rapidly in this era of technology, the process of reforming the education system should also be accelerated. One of the major objectives of the new education policy is to groom the personality of the students and make them capable to face the challenges of the future. Students should be equipped with that skill, without which work is not going to work in today's technological age. In fact, skill development should be given top priority. The need is not only to improve the quality of teaching, but also to train teachers in such a way that they can live up to the expectations that have been made through the new education policy. It is the need of the hour to bring change in the mindset of the students along with the mindset of the teachers. It should also be understood that from primary to higher education system is full of problems. After all, why concrete measures are not being taken to ensure that schools and universities across the country adopt a uniform curriculum with minor changes? Undoubtedly, priority should also be given to the change of curriculum, because by now this work should have been done.

Bizarre behavior of the opposition, why is it a matter of concern that instead of discussion, efforts are being made to raise slogans

It is ridiculous that on the one hand, the opposition parties are calling for the protection of national interests and on the other hand, they are not even allowing discussion on any issue related to the national or general public in the Parliament. If they are assuming that the public would not be able to understand all this, then it means that they are considering them as completely ignorant. It is surprising that even after the no-confidence motion moved by the opposition alliance INDIA has been approved in the Lok Sabha, the House is not being allowed to function. This is the pinnacle of obstinacy and proof that the opposition is determined not to allow any work to be done in this session of Parliament. It is clear from his obstinate attitude that he is neither serious about Manipur nor is he interested in parliamentary work. In fact, that is why it used the guise of creating a ruckus in the Parliament under the pretext that the discussion on Manipur would be allowed only when the Prime Minister spoke. It is difficult to understand that when it achieved its objective through the motion of no confidence, then for Why is it necessary to create ruckus in Parliament? The constituents of INDIA may be trying to show that they are getting diluted with Manipur worrying about other problems of the country, but the truth is that they are very non-serious and adopting an irrational attitude. The proof of their non-seriousness is that they are working extra hard to wave their placards with slogans. One can understand that he must have spent his energy even to appear in black clothes in the Parliament. Black clothes and flags are considered a symbol of protest and opposition leaders have every right to adopt such symbols, but after all, as people's representatives, their job in Parliament is to display their black clothes or to debate the topics they are against. Engaged in voicing your concern? After all, what is the concern that instead of discussing, efforts are being made on sloganeering? Looking at the strange behavior of the opposition parties, the people of the country will be forced to come to such a conclusion that they are trying to create ruckus and find new excuses for not allowing the Parliament to function. It is ridiculous that on the one hand, the opposition parties are calling for the protection of national interests and on the other hand, they are not even allowing discussion on any issue related to the national or general public in the Parliament. If they are assuming that the public would not be able to understand all this, then it means that they are considering them as completely ignorant. The public is watching everything and also understand that who is determined not to allow the Parliament to function? If the members of INDIA have taken the name of their alliance as India, assuming that they have become synonymous with India, then it cannot be called anything other than muggle. It is good to drive the people of the country away from such fools.

अनूठी पहल : यहां छात्रों को गलती करने पर मिलती है पौधरोपण की जिम्मेदारी

मुरादाबाद-अब स्कूल में हो रहा सुंदर वाटिकाओं का निर्माण स्कूल में अब सुंदर वाटिकाओं का निर्माण हो रहा है। इस समय यहां बच्चों द्वारा सौदर्य, पोषण, हरशृंगार, चंपा आदि वाटिकाओं का निर्माण किया गया है। इससे स्कूल में चारों और खुशबू और सुंदर वातावरण बन रहा है। प्राचार्य विजेश कुमार ने बताया कि बच्चे व अन्य अतिथि पौधरोपण जरूर करते हैं। लेकिन, इनकों सुंदर बनाने में माली दिनेश और उमेश का भी बहुत बड़ा योगदान है। इनकी मेहनत के दम पर ही आज यह संभव हो पाया है।

प्रार्थना स्थल के चारों ओर लगवाई पिलखन

यहां पहले बच्चों को तेज धूप में प्रार्थना करनी पड़ती थी। लेकिन, प्राचार्य ने पौधरोपण कराने के क्रम में यहां कुछ वर्षों पहले 15 पिलखन लगवाई थी। आज यह पिलखन बड़ी हो गई है। इनसे प्रार्थना स्थल पर पेड़ों की छांव रहती है। इससे बच्चों को तेज धूप से राहत मिलती है। यहीं नहीं यहां पर बरगद, पीपल, आंवला आदि के पेड़ भी देखने को मिलते हैं। जब मैं यहां आया था। तब स्कूल में चारों और धूल मिट्टी ही देखने को मिलती थी। फिर मैंने बच्चों की लड़ाई और खास मौकों पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराना शुरू किया। आज स्कूल में चारों और हरियाली के साथ सुंदर वातावरण देखने को मिलता है। -विजेश कुमार, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय में 2017 में बच्चों की लड़ाई को जमीन दोष करने के लिए उनसे पौधरोपण कराया गया था। तभी से यहां बच्चों को गलती करने पर पौधरोपण करने का दंड दिया जाता है। यहीं नहीं सभी विशेष मौकों पर यहां पौधरोपण किया जाता है। जिससे विद्यालय परिसर में चारों और हरियाली देखने को मिल रही है। वैसे तो बच्चों को लड़ाई या गलती करने पर स्कूलों में उन्हें विभिन्न प्रकार से दंडित किया जाताहै। लेकिन, केंद्रीय विद्यालय में एक अनोखी परम्परा चल आ रही है। 2017 में यहां दो बच्चों में आपस में लड़ाई हो गई थी। जिसके बाद प्राचार्य विजेश कुमार ने बच्चों की लड़ाई को समाप्त कराते हुए दंड स्वरूप उनसे पौधरोपण कराया। तभी से यहां बच्चों से गलती कराने पर पौधरोपण कराया जाता है। यहीं नहीं जन्मदिन, अध्यापकों की सेवानिवृत्ति आदि विशेष मौकों पर यहां पौधरोपण कराया जाता है। केंद्रीय विद्यालय में 2017 में बच्चों की लड़ाई को जमीन दोष करने से हुई थी पौधरोपण की शुरुआत

अमरोहा में हुई अनहोनी: 35 फीट ऊंचे ताजिये पर उतरा हाईटेंशन लाइन का करंट, 30 लोग झुलसे; दो दर्दनाक की मौत

यूपी के अमरोहा स्थित पतेई खालसा गांव में मोहर्रम का जुलूस निकालते समय ट्रैक्टर ट्रिपलर पर रखे 35 फीट ऊंचे ताजिये पर अचानक 132 केवीए की हाईटेंशन लाइन का करंट उतर आया। तेज धमाके के साथ ताजिये में आग लग गई। थोड़ी देर में ताजिया धू-धू कर जलने लगा। शनिवार को जिले भर में दस मोहर्रम पर ताजियों के जुलूस निकाले जा रहे थे। हर साल की तरह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के पतेई खालसा गांव में भी जुलूस निकाला जा रहा था। ताजिया के जुलूस में करीब 400 से 500 लोग शामिल थे। करंट उतरते ही ट्रैक्टर-ट्रिपलर पर बैठे 30 लोग बुरी तरह झुलस गए। गंभीर रूप से घायल किशोर समेत दो की मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर मातम पसर गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने घायलों को मुरादाबाद के टीएमयू में भर्ती कराया। जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

शनिवार को जिले भर में दस मोहर्रम पर ताजियों के जुलूस निकाले जा रहे थे। हर साल की तरह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के पतेई खालसा गांव में भी जुलूस निकाला जा रहा था। ताजिया के जुलूस में करीब 400 से 500 लोग शामिल थे। इस दौरान करीब 35 फिट ऊंचा ताजिया ट्रैक्टर-ट्रिपलर में रखा हुआ था। जबकि अलग अलग छोटे तीन ताजियों को लोग कंधे पर लेकर चल रहे थे।

ताजिया का जुलूस पतेई खालसा से शुरू होकर ढकिया चमन और इसके बाद नीलीखेड़ी के कर्बला में जाकर दफन होना था। जैसे ही लोग ताजिया पतेई खालसा गांव की मस्जिद से उठाकर ढकिया चमन रोड स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंचे थे। बड़े ताजिये में करीब पांच से छह फीट ऊंची लोहे के सरिये में झंडा लगा हुआ था।

तभी सड़क के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन करंट ताजिये पर उतर आया। तेज धमाके के साथ ताजिये में आग लग गई। करंट उतरते ही ट्रिपलर में बैठे बच्चे और बड़े समेत 30 लोग करंट की चपेट में आ गए। ताजिया थोड़ी देर में धू-धू कर जलने लगा। जुलूस में शामिल लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही डीएम राजेश कुमार त्यागी, एसपी आदित्य लांग्हे, एएसपी राजीव कुमार सिंह, एसमीएम प्रतिभा सिंह, सीओ सिटी विजय कुमार राणा समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। तुरंत ही घायलों को एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियों से पाकबड़ा के टीएमयू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उवैस (13) पुत्र ताहिर और शानू पुत्र जरीफ को मृत घोषित कर दिया। बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचते ही टीएमयू परिसर में ही चीख-पुकार मच गई। जबकि आग लगने के बाद ताजिया पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को मौके से हटाकर स्थिति को संभाला। वहीं अन्य छोटे तीन ताजियों को नीलीखेड़ी ले जाकर दफनाया गया।

पोते ने दादा को मार डाला, बुजुर्ग पिता-पुत्र में हुआ था विवाद

मुरादाबाद-मुगलपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने दादा की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी युवक घर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग पिता-पुत्र में विवाद हो रहा था तो पोता ने घटना को अंजाम दे दिया। सीओ कोतवाली देश दीपक सिंह ने बताया कि मृतक रामगोपाल (65 साल) मूल रूप से मुगलपुरा के कहारो वाला मंदिर के पास के रहने वाला था। कुछ समय पूर्व से गलशहीद के असालतपुरा में रहने लगा था। बुजुर्ग रामगोपाल अपने पुश्तैनी घर आया था। उसकी बहन भी इसी मकान में रहती है। छोटा बेटा बब्बू भी इसी घर में परिवार के साथ रहता है। उन्होंने बताया कि किसी बात को लेकर रामगोपाल और बब्बू में कहासुनी हो रही थी। इसी बीच पोता बंटी भी बीच में बोलने लगा। उसने घर में रह रही अपने दादा की बहन को गालियां देना शुरू कर दिया। इसका रामगोपाल ने विरोध किया। सीओ का कहना है कि इसी कहासुनी के दौरान बंटी ने रामगोपाल को जोर से धक्का दिया। जिससे रामगोपाल का सिर सामने दीवार में जाकर लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

कटघर में आठवीं की छात्रा को तमंचे के बल पर अगवा कर किया दुष्कर्म

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक युवक ने पने दो साथियों के साथ मिलकर आठवीं की छात्रा को अगवा कर लिया। आरोपी ने जंगल में लेकर जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी और उसके दोस्तों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।15 वर्षीय पीड़ित छात्रा का परिवार थाना कटघर के गांव में रहता है। उसके पिता सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। बुधवार रात छात्रा अपनी मां के पास घर में सो रही थी। बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजे आरोपी संजय अपने साथी नितिन और मनोज के साथ छात्रा के मकान के दरवाजे के सामने आ गया। वह बाहर से ही उसे कॉल करने लगा। उस वक्त मां सो रही थी। इसलिए उसने खुद ही दरवाजा खोल दिया। आरोप है कि दरवाजा खोलते ही संजय ने किशोरी का हाथ पकड़ कर उसे बाहर खींच लिया। कनपटी पर तमंचा लगाकर उसे जैतिया मोड स्टेशन रोड पर स्कूल के सामने ले गया। इसके बाद उसके साथ आरोपी नितिन व मनोज चले गए। आरोप है कि आरोपी संजय किशोरी झाड़ियों में ले गया और तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। आरोपी पीड़िता को लेकर मुरादाबाद में रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया। यहां प्लेटफार्म नंबर 7 पर ट्रेन का इंतजार करने लगा। इसी दौरान वहां जीआरपी के सिपाहियों ने पूछताछ की। तब पता चला कि आरोपी किशोरी को लेकर कहीं जा रहा था। सूचना मिलने पर परिजन भी आ गए। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार आरोपी संजय, मनोज और नितिन के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और धमकी देने का केस दर्ज किया गया है।

कांवड़ लेने निकले युवक का मिला क्षत-विक्षत शव, हत्या की आशंका



मुरादाबाद-तीन भाइयों में सबसे बड़ा था महावीर, छोटे भाई शिवम ने मंगलवार को थाने में दी थी गुमशुदगी की तहरीरकांवड़ लेने घर से निकले युवक का छठवें दिन शव मिला। शव में कीड़े पड़े थे, उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। घर वालों ने शव की पहचान महावीर पुत्र किशन लाल के रूप में की है। इस मामले में मृतक के छोटे भाई शिवम ने मझोला थाने में तहरीर दी है। उधर, शव मिलने की जानकारी पाकर थाना पुलिस और एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर मौके पर पहुंचे थे। मृतक के भाई शिवम ने पुलिस को बताया है कि उसका बड़ा भाई 47 वर्षीय महावीर रविवार 23 जुलाई को घर से कांवड़ लेने को ब्रजघाट के लिए निकला था। उसके बाद से वह लौटा नहीं था। कई दिन से भाई के बारे में कोई खोज खबर भी नहीं मिल रही थी। महावीर के परिवार में पत्नी सविता और तीन बेटी व दो बेटे हैं। उधर, नया गांव मुरादाबाद पुलिस चौकी प्रभारी अनंत पाल ने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे के दौरान महावीर का शव नया गांव भोलनगरी में गागन नदी किनारे छोटेलाल के खेत के पास झाड़ी में पड़ा मिला है। उन्होंने बताया कि शव कई दिन पुराना है, इसलिए उसके शरीर में कीड़े पड़े थे। सिर व शरीर के अन्य हिस्से को कीड़े खा गए थे। ऐसे में शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। सूचना पाकर महावीर के परिवार वाले मौके पर आए और उन्होंने शव की पहचान कर ली है। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि महावीर का शव कई दिन पुराना है। उसकी हत्या के संबंध में संदेह जताया जा रहा है। फिलहाल, प्रकरण की जांच के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

दी थी तहरीर, नहीं मिली पुलिस की मदद

मृतक महावीर के छोटे भाई शिवम ने बताया कि उसका बड़ा भाई रविवार शाम पांच बजे के दौरान कांवड़ लेने ब्रजघाट के लिए पैदल ही निकला था। भाई को सोमवार शाम तक लौटा भी था लेकिन, वह नहीं लौटा। सोमवार रात से मंगलवार दिन तक भाई के बारे में रिश्तेदारों व अन्य जान पहचान वालों से जब कोई खोज खबर नहीं मिली तो उसने उसी दिन शाम को मझोला थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। लेकिन, भाई को खोजने में पुलिस की कोई मदद नहीं मिली। बताया कि उसके भाई का जहां शव मिला है, वहां से उसके घर की दूरी करीब डेढ़ किमी ही है। बताया कि उसके भाई से कोई किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। महावीर खेती-किसानी कर किसी तरह से अपना परिवार चला रहा था। उसके पांच बच्चों में सबसे बड़ी 18 वर्ष की बेटी संजना है, इसका वह विवाह के लिए लड़का भी खोज रहा था।

विकास के नक्शे से दरियापुर गांव गायब: भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद ने लिया था गोद, मार्ग के लिए भटक रहे लोग

मुरादाबाद एक ओर जहां सरकार गांवों के विकास पर जोर दे रही है। इसके लिए करोड़ों खर्च कर रही है, तो वहीं मुरादाबाद कांठ विधानसभा के गांव दरियापुर आज तक किसी भी ओर से मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। गांव को आने जाने के लिए दूसरे जिले बिजनौर के क्षेत्र से होकर जाया जाता है। आजादी के बाद से आज तक यह गांव मार्ग और पुल से नहीं जुड़ सका है दरियापुर गांव की आबादी करीब 3500 है। गांव के 1200 से अधिक मतदाता हर चुनाव में वोट करते हैं, लेकिन देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी इस गांव को किसी ओर से भी मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है। गांव के लिए पक्का मार्ग न होने से जहां ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, तो वहीं गांव विकास में भी पिछड़ा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सय्यद जफर इस्लाम ने दरियापुर को गोद लिया था, लेकिन वह भी गांव को रास्ता नहीं दिला पाए हैं। कांठ से गांव के लिए जाने पर रामगंगा नदी बीच में पड़ती है। बरसात के दिनों में गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर जाता है। जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी होती है। यदि गांव में कोई इमरजेंसी हो जाए तो गांव में एम्बुलेंस, पुलिस, फायर ब्रिगेड तक नहीं पहुंच सकती है। दरियापुर को आने जाने के लिए बिजनौर जिले के स्योहारा होते हुए भगवानपुर रैनी से जाना पड़ता है, जिसमें समय की भी बर्बादी होती है। लोनिवि ने भेजा दस करोड़ का प्रस्ताव शासन में लटका-तहसील क्षेत्र के गांव दरियापुर को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सडक और रामगंगा नदी में पुल निर्माण के लिए लोग निर्माण विभाग ने कई माह पहले शासन को करीब 10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए भेजा था, लेकिन प्रस्ताव भी शासन स्तर पर लटका हुआ है। प्रस्ताव में गांव दरियापुर के लिए 4.550 किलोमीटर मार्ग और रामगंगा पर 58.120 मीटर पुल शामिल है, लेकिन कई माह के बाद भी अभी तक इसे मंजूरी नहीं मिली है। दरियापुर के लिए कहीं से भी पक्का मार्ग नहीं है। या तो ग्रामीण घने वन से होकर जान हथैली पर रखकर आते जाते हैं या फिर कच्चे मार्ग के माध्यम से गुजरते हैं। रामगंगा पर पुल न होने से ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना पड़ता है। मांग को पूरा कराने के लिए सालों से दौड़ रहे हैं। -अमीचंद्र सिंह, ग्रामीण दरियापुर, कांठ गांव चारों ओर से रामगंगा नदी से घिरा है। बारिश के मौसम में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं व स्कूली बच्चों को होती है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले दरियापुर के ग्रामीण-गांव दरियापुर के लिए मार्ग और नदी पर पुल की मांग को लेकर ग्रामीण अमीचंद्र सिंह के साथ ग्रामीण भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह से मिले और उनके समक्ष समस्या को रखा है। जिस पर प्रदेशाध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री जतिन प्रसाद से भी फोन पर बात कर समस्या का समाधान कराने के लिए कहा है। दरियापुर गांव की समस्या के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। इस बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी ली जाएगी। इसके बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी। - शैलेंद्र कुमार सिंह, डीएम-ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सय्यद जफर इस्लाम ने दरियापुर को गोद लिया था, लेकिन वह भी गांव को रास्ता नहीं दिला पाए हैं। दरियापुर गांव की आबादी करीब 3,500 है। गांव के 1,200 से अधिक मतदाता हर चुनाव में वोट करते हैं, लेकिन देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी इस गांव को किसी ओर से भी मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

गमगीन माहौल के बीच सुपुर्दे खाक किये ताजिये

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गमगीन माहौल के बीच सुपुर्दे खाक किये ताजिये युवाओं ने पटेबाजी और मुगदरबाजी में दिखाये हैरतअंगेज करतब मारहरा। मुस्लिम समुदाय का गमों का पर्व मोहर्रम कस्बा में परंपरागत तरीके से मनाया गया। कस्बा में लगभग दो दर्जन स्थानों पर रखे ताजियों को जुलूस के साथ पूर्व निर्धारित मार्गों से निकाला गया।

इस दौरान युवाओं ने पटेबाजी और मुगदरबाजी का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। अंत में सभी ताजियों को करबला के मैदान पर ले जाकर सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इस दौरान पुलिसबल पूरी तरह से अलर्ट रहा। इससे पूर्व शुक्रवार को कस्बा के मुहल्ला बडा बाजार, चूडी वाली गली. कटरा, काजी, तकिया और पक्का बाग समैत लगभग दो दर्जन स्थानों पर ताजियों को सजावट के साथ रखा गया। मुस्लिम इलाकों के गली. मुहल्ला को भी रंगबिरंगी रौशनी से सजाया गया। रात में मुस्लिम समुदाय की भीड़ ताजियों और रौशनी के दीदार को उमड पडी । शनिवार को कस्बा में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान अस्पताल चौराहा और हैदरी चौक पर जुलूस में शामिल युवाओं ने पटेबाजी और मुगदरबाजी के प्रदर्शन से लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। कई स्थानों पर जुलूस को शर्बत, पानी, बिस्किट और फल आदि बांटे गये। सभी ताजियों को पूर्व निर्धारित मार्गों से गुजारते हुए पिवारी रोड स्थित करबला मैदान पर ले जाया गया। जहां उन्हें सुपुर्दे खाक करने की रस्म अदा की गई। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा।

सीओ सुनील कुमार त्यागी और एसओ सत्यपालसिंह मय पुलिसबल के मार्ग पर गश्त करते रहे। स्थानों पर का कड़ा पहरा तैनात किया गया। इस दौरान तहरीलदार सीपीसिंह, नायब तहसीलदार साश्वत अग्रवाल, एसआई अनिल यादव, वीरपालसिंह, अशोक कुमार यादव, एलआईयू के कौशलकिशोर शर्मा, अंकित तोमर हरिओम चौधरी, राशिद कुरैशी, चादमियां, बसीअनवर कुरैशी, राशिद पहलवान, मुहम्मद बिलाल, शानू कुरैशी, कामिल कुरैशी, मुहम्मद उवैश, जाकिर, जावेद आदि मौजूद रहे। ढ्ढ

गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त रामेश्वर यादव व जुगेंद्र सिंह की करोड़ो की सम्पत्ति कुर्क

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला मजिस्ट्रेट एटा की कार्यवाही गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त रामेश्वर यादव व जुगेंद्र सिंह की करोड़ो की सम्पत्ति कुर्क जिला मजिस्ट्रेट एटा माननीय न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट एटा के आदेशानुसार एसएसपी एटा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस व प्रशासन टीम द्वारा मुअस0- 235/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त रामेश्वर यादव पुत्र लालाराम यादव व जुगेन्द्र यादव पुत्र लालाराम यादव निवासी ग्राम अमृतपुर रघूपुर थाना जसरथपुर एटा हाल पता मोहल्ला प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर एटा द्वारा भादंवि में वर्णित अध्याय 16, 17 व 22 तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध कारित कर अवैध श्रोतों से बड़ी संख्या में अपने पुत्र, पत्नी एवं अपने करीबी लोगों के नाम अर्जित चल/अचल संपत्ति में से को थाना सिकंदरा जनपद आगरा क्षेत्रांतर्गत नालन्दा टावर ककरैठा फ्लैट नंबर 103 जिसकी वर्तमान कीमत करीब 80,00,000 रुपये (80 लाख रुपये) व मोहल्ला ककरैठा स्थित 408.76 वर्ग फीट आवासीय संपत्ति जिसकी वर्तमान कीमत करीब 1,63,80,000 रुपये (1 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपये) दोनों संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत करीब 2,43,80,000 रुपये (दो करोड़ 43 लाख 80 हजार रुपये) को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14 (1) के अंतर्गत समुचित पुलिस प्रबंध के साथ कुर्क किया गया है।

बच्चो के हाथ मे थमा दी झाड़ु शिक्षा नहीं हे जरूरी पहले स्कूल मे लगाओ झाड़ू ओर करो सफाई

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नोनिहालो की शिक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़ बच्चो के हाथ मे थमा दी झाड़ू शिक्षा नहीं हे जरूरी पहले स्कूल मे लगाओ झाड़ू ओर करो सफाई उत्तर प्रदेश की योगी जी की सरकार मे भी शिक्षा विभाग अपनी करतूतों से वाज नहीं आरहा हे । वही शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी कुम्भकरण की नीद सोये रहते हे । सूत्रों से मिली जानकारी से उच्च प्राथमिक विधालय छितोनी विकास खण्ड शीतलपुर मे नोनिहालो के हाथो मे झाड़ू थमा दी जाती हे । अपना नाम न लिखने से मना करने पर वताया कि मिडे मील का भोजन भी बच्चो को सही नहीं दिया जाता हे ।मीनू के आधार पर तो मिड डे मील वनता ही नहीं हे अगर स्कूल के वच्चे भोजन के वारे मे कुछ कहे इससे पहले ही विधालय स्टॉफ स्कूल मे पढ़ने वाले बच्चो को धमका देता हे । सूत्र यहां तक वताते हे कि बच्चों को देने वाले भोजन पूरे गुड़बत्ता के साथ तक नहीं वनाया जाता हे । क्या उच्च शिक्षा अधिकारी ऐसे समाचारों पर सज्ञान लेंगे या फिर अपनी मनमानी के लिए इन्हे छूट देदी जाएगी ।

मां के साथ दो बेटियों ने उठाया खौफनाक कदम, अलग-अलग कमरे में लटकी मिलीं तीनों की लाशें

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा के निधौली कलां के एक गांव में शनिवार को मां के साथ दो बेटियों ने खौफनाक कदम उठा लिया। एक साथ तीनों अलग अलग कमरों में फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जिसने भी यह मंजर देखा, उसकी रूह कांप गई। एक साथ तीन आत्महत्या की खबर तेजी से क्षेत्र में फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निधौली कलां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मीलगढी में दो बेटियों संग मां द्वारा की गई आत्महत्या की खबर से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि यहां के रहने वाले नरेन्द्र सिंह यादव की पत्नी अनुराधा और उनकी दोनों बेटियां 17 वर्षीय संध्या और 16 वर्षीय शिवी की शव दोपहर के समय अलग-अलग कमरों में फंदे से लटके मिले। घरवालों ने जब ये नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी जलेसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फेसबुकिया प्यार ने लूटा पी ए सी का जवान

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

